अमूल्य शास्त्र दानदाता

जैन स्तम्भ दानवीर

स्व. राजा बहादुर लाला सुखदेवसहायजी, जौहरी

जैन प्रभावक धर्म धुरंधर

लाला ज्वालाप्रसादजी जौहरी

जैन शास्त्रोद्धार मुद्रालय, सिकंदराबाद, (दक्षिण)

मुख्याधिकारी

परम पूज्य श्री कहानजी ऋषिजी महाराज की सम्प्रदाय के शुद्धाचारी पूज्य श्री खुबा ऋषिजी महाराज के शिष्यवर्य स्व. तपस्वीजी श्री केवल ऋषिजी महाराज! आप श्रीने मुझे साथ ले महा परिश्रम से हैद्राबाद जैसा महा क्षेत्र साधुमार्गिय धर्म में प्रसिद्ध किया व परमोपदेश से राजाबहादुर दानवीर लाला सुखदेव सहायजी ज्वाला प्रसादजी को धर्मप्रेमी बनाये उनके प्रतापसे ही शास्त्रोद्धार रूप महा कार्य हैद्राबाद में हुए इस लिये इस कार्य के मुख्याधिकारी आपही हुए जो जो भव्य जीवों इन शास्त्र द्वारा महालाभ प्राप्त करेंगे वे आपश्री के कृतज्ञ होंगे

शिष्य अमोल ऋषि

उपकारी महात्मा

परम पूज्य श्री कहानजी ऋषिजी महाराज की सम्प्रदाय के कविवरेन्द्र महा पुरुष श्री तिलोक ऋषिजी महाराज के पाटवीय शिष्य वर्य, पूज्यपाद गुरु वर्य श्री रत्नऋषिजी महाराज! आप श्री की आज्ञासे ही शास्त्रोद्धार का कार्य स्वीकार किया और आपके परमाशिर्वाद से पूर्ण कर सका इस लिये इस कार्य के परमोपकारी महात्मा आप ही हैं आप का उपकार केवल मेरे पर ही नहीं परन्तु जो जो भव्यों इन शास्त्रोद्वारा लाभ प्राप्त करेंगे उन सबपर ही होगा

दास अमोल ऋषि

आभारी महात्मा

कच्छ देश पावन कर्ता मोटी पक्ष के परम पूज्य श्री कर्मसिंहजी महाराज के शिष्यवर्य महात्मा कविवर्य श्री नागचन्द्रजी महाराज !

इस शास्त्रोद्धार कार्य में आद्योपान्त आप श्री साचित्त शुद्ध शास्त्र, हुंडी, गुटका और समय २ पर आवश्यकीय शुभ सम्मति द्वारा मदद देते रहनेसेही मैं इस कार्य को पूर्ण कर सका इस लिये केवल मैं ही नहीं परन्तु जो जो भव्य इन शास्त्रोद्धारा लाभ प्राप्त करेंगे वे सब ही आप के आभारी होंगे

आपका अमोल ऋषि

हिन्दी भाषानुवादक

शुद्धाचारी पूज्य श्री खूबा ऋषिजी महाराज के शिष्यवर्य, आर्य मुनि श्री चेना ऋषिजी महाराजके शिष्यवर्य बालब्रह्मचारी पण्डित मुनिश्री अमोलक ऋषिजी महाराज! आपने बडे साहस से शास्त्रोद्धार जैसे महा परिश्रम वाले कार्य का जिस उत्साहसे स्वीकार किया था उस ही उत्साह से तीन वर्ष जितने स्वल्प समय में अहर्निश कार्य को अच्छा बनाने के शुभाशय से सदैव एक भक्त भोजन और दिन के सात घण्टे लेखन में व्यतीत कर पूर्ण किया और ऐसा सरल बना दिया कि कोई भी हिन्दी भाषज्ञ सहज में समज सके, ऐसे ज्ञानदान के महा उपकार तले दबे हुवे हम आप के बडे आभारी हैं

सबकी तर्फ से

सुखदेव सहाय ज्वालाप्रसाद

सहाय मुनिमंडल

अपनी छती ऋद्धि का त्याग कर हैद्राबाद सीकन्द्राबादमें दीक्षा धारक बाल ब्रह्मचारी पण्डित मुनि श्री अमोलक ऋषिजी के शिष्यवर्य ज्ञानानंदी श्री देव ऋषिजी वैय्यावृत्यी श्री राज ऋषिजी तपस्वी श्री उदय ऋषिजी और विद्याविलासी श्री मोहन ऋषिजी इन चारों मुनिवरोंने गुरु आज्ञाका बहुमानसे स्वीकार कर आहार पानी आदि सुखोप चार का संयोग मिला दो प्रहर का व्याख्यान, प्रसंगीसे वार्तालाप, कार्य दक्षता व समाधि भाव से सहाय दिया जिस से ही यह महा कार्य इतनी शीघ्रता से लेखक पूर्ण सके इस लिये इस कार्य बहुत उक्त मुनिवर्गों का भी बडा उपकार है

सुखदेव सहाय ज्वाला प्रसाद

और भी सहायदाता

पंजाब देश पावन करता पूज्य श्री सोहन-लालजी, महात्मा श्री माधव मुनिजी, शतावधानी श्री रत्नचन्द्रजी तपस्वीजी माणकचन्द्जी, कवी वर श्री अमी ऋषिजी, सुवक्ता श्री दौलत ऋषिजी प श्री नथमलजी, पं श्री जोरावरमलजी कविवर श्री नानचन्द्रजी प्रवर्तिनी सतीजी श्री पार्वतीजी गुणज्ञ सतीजी श्री रंभाजी धोराजी सर्वज्ञ भंडार, भीना सरवाले कनीरामजी बहादरमलजी बाँठीया, लींबडी भंडार, कुचेरा भंडार, इत्यादिक की तरफ से शास्त्रों व सम्मति द्वारा इस कार्य को बहुत सहायता मिली है इस लिये इन का भी बहुत उपकार मानते हैं

सुखदेव सहाय ज्वालाप्रसाद

आभारी महात्मा

कच्छ देश पावन कर्ता मोटी पक्ष के परम पूज्य श्री कर्मसिंहजी महाराज के शिष्यवर्य महात्मा कविवर्य श्री नागचन्द्रजी महाराज !

इस शास्त्रोद्धार कार्य में आद्योपान्त आप श्री प्राचिन शुद्ध शास्त्र, हुंडी,गुटका और समय २पर आवश्यकीय शुभ सम्मति द्वारा मदत देते रहनेसेही मैं इस कार्य को पूर्ण कर सका इस लिये केवल मैं ही नहीं परन्तु जो जो भव्य इन शास्त्रोद्वारा लाभ प्राप्त करेंगे वे सब ही आप के आभारी होंगे

हिन्दी भाषानुवादक

शुद्धाचारी पूज्य श्री खूबा ऋषिजी महाराज के शिष्यवर्य,आर्य मुनि श्री चेना ऋषिजी महाराजके शिष्यवर्य बालब्रह्मचारी पण्डित मुनिश्री अमोलक ऋषिजी महाराज' आपने बडे साहस से शास्त्रोद्धार जैसे महा परिश्रम वाले कार्य का जिस उत्साहसे स्वीकार किया था उस ही उत्साह से तीन वर्ष जितने स्वल्प समय में अहर्निश कार्य को अच्छा बनाने के शुभाशय से सदैव एक भक्त भोजन और दिन के सात घंटे लेखन में व्यतीत कर पूर्ण किया और ऐसा सरल बना दिया कि कोई भी हिन्दी भाषा सहज में समज सके, मेसो ज्ञानदान के महा उपकार तले दबे हुवे हम आप के बडे आभारी हैं

सबकी तर्फ से

श्री जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति सूत्रकी प्रस्तावना

श्रीसिद्धाय नराधिप कुलाम्बरधातशो कैतिरमान्वा॥सर्व सुरासुर भासुर स्वरसघदिताघ्राब्ध ॥१॥
श्रीमद्वीरजिनेन्द्रो पादपद्म समणस्य कुर्वेह ॥ स्तद्बुद्धार्थ श्रीजबूद्वीप प्रज्ञप्ति सूत्रस्य ॥ २ ॥

श्री सिद्धार्थ राजा के पुत्र सर्व सुरासुरो के पूज्य श्रीवीर जिनेश्वर के पावों को नमस्कार कर के यह पंचम उपाङ्ग श्री जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति सूत्र का हिन्दी भाषानुवाद करता हुं ॥ २ ॥ यह भगवती सूत्र का उपांग कहा जाता है भगवती सूत्र मे द्वीप समुद्रों क्षेत्रों तथा चंद्र सूर्य ज्योतीषीयों का संक्षेप मे बहुत स्थान वर्णन किया है- जिस की सम्यक् प्रकार समझ होने के वास्ते इस जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ती सूत्र की रचना रचीगइ है इस जबूद्वीप प्रज्ञप्ती में जम्बूद्वीप के अन्दर रहे भरतादि क्षेत्रों का वैताढ्यादि पर्वतों का पद्मादी द्रह का, गगा आदि नदीयों का, ऋषभादि कूटों का, ऋषभदेवजी का तथा भरतचक्रवर्ती का तीर्थंकर के जन्मोत्सव का बहुत विस्तार से वर्णन किया है. वैसे ही पीछे से चन्द्रादि ज्योतिषीयों का ग्रह, नक्षत्र ताराओं की संख्या, आकार मंडल विमान ज्योतिषीयों के सुख वगैरह का वर्णन किया है इस का मुख्य उतारा तो इटोला (गुजरात) के भंडार से प्राप्त हुई धनपतसिंह बाबू के तरफ से छपी हुई प्रत से किया है और गौणता में मेरे पास की एक प्रत से किया है तथापि छद्मस्तता का जोग से जो कोइ अशुद्धीयों रहगइ हो उसे शुद्ध कीजीये.

दक्षिण हैद्राबाद निवासी जौहरी वर्ग में श्रेष्ठ दृढधर्मी दानवीर राजा बहादुर लालाजी साहेब श्री सुखदेव सहायजी ज्वालाप्रसादजी।

आपने साधु सेवा के और ज्ञान दान जैसे महा लाभके लोभी बन जैन साधुमार्गीय धर्म के परम माननीय व परम आदरणीय बत्तीस शास्त्रों को हिन्दी भाषानुवाद सहित छपाने को रु २००००, का खर्चकर अमूल्य देना स्वीकार किया और युरोप युद्धारंभ से सब वस्तु के भाव में वृद्धि होने से रु ४०००० के खर्च में भी काम पूरा होनेका संभव नही होते भी आपने उस ही उत्साह से कार्य को समाप्त कर सबको अमूल्य महालाभ दिया, यह आप की उदारता साधुमार्गियों की गौरव दर्शक व परमादरणीय है!

मोरवाला (काठीयावाड) निवासी धर्म प्रेमी कार्यदक्ष कुसम मणिलाल शिवलाल शेठ' इनोंने जैन ट्रेनिंग कालेज रतलाम में संस्कृत प्राकृत व अंग्रेजी का अभ्यास कर तीन वर्ष उपदेशक रह अच्छी कौशल्यता प्राप्त की इन से शास्त्रोध्धार का कार्य अच्छा होगा एसी सूचना गुरुवर्य श्री रत्न ऋषिजी महाराज से मिलने से इन को बोलाये, इनोंने अन्य प्रेस में शुद्ध अच्छा और शीघ्र काम होता नहीं देख शास्त्रोध्धार प्रेस कायम किया और प्रेस के कर्मचारियों को उत्साही कार्य दक्ष बना काम लिया तैसे ही भाषानुवाद की प्रेसकोपी बनाइ यद्यापि यह भाइ पगार से रहे थे तथापि इनोंने इस कार्य को सेवा वेतन के प्रमाण से अधिक की इस लिये इनको भी धन्यवाद देते हैं

जम्बुद्वीप प्रज्ञप्ति सूत्रकी अनुक्रमणिका,

॥ पञ्चम उपाङ्ग. जंबूद्वीप प्रज्ञप्ति सूत्र ॥

॥ भरतक्षेत्रस्य अधिकार ॥

णमो अरिहंताण, णमो सिद्धाण, णमो आयरियाण, णमो उवज्झायाण, णमो लोए सव्वसाहूण ॥ १ ॥ तेण कालेण तेण समएण मिहिलाणाम णयरी होत्था, रिद्धत्थिमिय समिद्धा वण्णओ ॥ तीसेण महिलाए णयरीए बहिया उत्तर पुरत्थिमे

मंगलाचरण के लिये प्रथम पच परमेष्टि को नमस्कार करते हैं, यथा—अनत चतुष्टय, अष्ट प्रातिहार्य यों बारह गुण के धारक अरिहंत भगवान को मेरा नमस्कार होवो, २ अष्ट कर्म रहित सिद्ध भगवान को मेरा नमस्कार होवो ३ पंचाचार के पालक छत्तीस गुण युक्त आचार्य भगवान को मेरा नमस्कार होवो, ४ इग्यारः अग बारह उपांग के पठन करनेवाले करण सीत्तरी और चरण सित्तरी से गुण युक्त उपाध्याय भगवान को मेरा नमस्कार होवो, सब लोक में रहे हुवे सब साधुओं को मेरा नमस्कार होवो ॥१॥ इस कोलेमें अवसर्पिनी काल के चौथे आरे में, उस समय भगवानने यह भाव देखे तब मिथिला नामक

इत्यनुक्रमणिका

जबू द्दीवदीव पण्णत्त ? गोयमा ! अयणं जबू दीवदीवे सव्वदीव समुद्दाण सव्वब्भतरिए, सव्वखुड्डाए, वट्टे-तेल्लापूय संठाण सठिए, वट्टे-रहचक्कवाल सठाण सठिए, वट्टे पुक्खर कण्णिया सठाण सठिए, वट्टे पडिपुण्णचद सट्ठाण सट्ठिए, वट्टे-एगजोयण सय सहस्स आयामविक्खभेण, तिण्णि जोयण सय सहस्साइं सोलस सहस्साइ दोण्णिय सत्तावीसे जोयणसए, तिण्णिकोसे अट्ठावीसच धणुसयतेरसय अगुलाइं अद्धगुलच किंचि विसेसाहिअं परिक्खेवेण पण्णत्ते॥ ४॥ सेण एगाए वइरामईए जगईए सव्वओ समता सपरिक्खित्ते, साण जगई-अट्ठजोयणाइ उड्ढ उच्चत्तेण, मूले बारसजोयणाइ विक्खभेण,

यह जम्बू द्वीप नामक द्वीप कहां है ? यह जम्बूद्वीप कितना बडा है ? जम्बूद्वीप का कैसा सस्थान है? और इस का आकार भाव कैसा है ? अहो गौतम ! यह जम्बूद्वीप सब द्वीप समुद्र में आभ्यन्तर है सब से छोटा है तेल में तला पूडे जैसा गोल है रथ के चक्र जैसा गोल है, पुष्कर कमलकी कर्णिका जैसा गोल है, प्रतिपूर्ण चद्र जैसा गोल है, गोलाकार में एक लाख योजन का लम्बा चौडा है और तीन लाख सोलह हजार दो सत्ताइस योजन, तीन कोश, एकसो अठाइस धनुष्य, और साढे तेरह अगुल से किंचित् अधिक की परिधि है ॥ ४ ॥ इस को एक वज्रमय जगती चारों तरफ वेष्टितकर रही है वह आठ योजन की ऊंची है, मूल में बारह योजन चौडी है, बीच में आठ योजन चौडी है, और ऊपर चार

दिसीभाए एत्थण माणिभद्दे णामं चेइए होत्था वण्णओ ॥ जियसत्तूराया धारिणी देवी वण्णओ ॥ २ ॥ तेण कालेण तेण समएण सामी समोसढे, परिसा णिग्गया, धम्मो कहिओ, परिसा पडिगया ॥ ३ ॥ तेण कालेण तेण समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स जेट्ठे अंतेवासी इंदभूई णाम अणगार, गोयम गोत्तेण सत्तुस्सेहे समचउरसे जाव तिक्खुत्तो आयाहिण पयाहिण करेइ करेइत्ता वदइ णमंसइ, वंदित्ता णमंसित्ता जाव एवं वयासी—कहिणं भंते ! जम्बू दीवेदीवे ?, के महालएण भंते ! जंबू दीवेदीवे, ? किं संठिएणं भंते ! जंबू दीवदीवे, किमागार भाव पडोयारेण भंते !

नगरी थी वह ऋद्धि से परिपूर्ण थी उस मिथिला नगरी के बाहिर ईशान कौन में मणिभद्र नामक चैत्य था वहां जितशत्रु राजा राज्य करता था उस को धारणी नामक राणी थी राजा रानी का वर्णन उववाइ सूत्र में कूणिक राजा और उस की धारणी रानी का कहा वैसा जानना ॥२॥ उस काल उस समय में श्री श्रमण भगवंत महावीरस्वामी वहां पधारे, परिषदा वदन करने को नीकली वन्दना नमस्कार कर बैठी भगवंतने धर्मकथा कही वह श्रवण कर पीछी गइ ॥३॥ उस काल उस समय में श्री श्रमण भगवंत महावीर स्वामी के ज्येष्ट अंतेवासी (शिष्य) गौतम गोत्रीय सात हाथ की ऊंचाइवाले समचतुस्र संस्थानवाले इन्द्रभूति नामक अनगार यावत तिनवार आवर्त्त प्रदक्षिणावर्त्त करके वंदना नमस्कार करके ऐसे बोले अहो भगवन्

सव्वरयणामयी अच्छा जाव पडिरूवा ॥ ७ ॥ तीसेणं पउमवर वेइयाए अयमेयारूवे वण्णावासे प... , तंजहा-वयरामयणेम्मा, एवं जहा जीवाभिगमे; जाव अट्ठो जाव धुवा णियगा सासया जाव णिच्चा ॥ ८ ॥ तीसेण जगईए उप्पिं बाहिं पउमवर वेइयाए एत्थण महं एगे वणसडे पण्णत्ते, देसूणाइं दो जोअणाइं विक्खभेण, जगई समए परिक्खेवेण, वणसड वण्णओ णेयव्वो ॥ ९ ॥ तस्सण वणसडस्स अतो बहु समरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते, से जहा णामए आलिंग पुक्खरेइवा जाव णाणाविह पचवण्णेहिं मणीहिं तणेहिं उवसोभिए, तंजहा—किण्हेहिं एवं वण्णो,

मनुष्य की चौडी जगती जितनी की परिधि वाली सब रत्नमयी यावत् प्रतिरूपा है ॥ ७ ॥ उस पद्मवर वेदिका का वर्णन करते हैं —उस की वज्ररत्नमय नीम है यावत् जैसे जीवाभिगम सूत्र में वर्णन किया है वैसा ही यहां कहना यावत् वह ध्रुव, क्षय रहित, शाश्वत् यावत् नित्य है॥८॥ उस जगती के उपर और पद्मवर वेदिका से बाहिर एक बडा वनखण्ड कहा है वह कुच्छ कम दो योजन का चौडा है जगती जितनी परिधि वाला है यहां वनखण्ड का वर्णन करना, ॥ ९ ॥ उस वनखण्ड में बहुत रमणीय भूमि भाग है, जैसे आलिंग पुष्कर [नगारे] का चम विभाग तैसा सम-बराबर है यावत् विविध प्रकार की पांच वर्ण वाली मणियों और तृण से शोभित हैं ऐसे ही वर्ण गंध, स्पर्श, शब्द का वर्णन जीवाभिगम सूत्र प्रमाणे जानना [illegible]

मज्झे अट्ठजोयणाइं विक्खभेण,उवरि चत्तारि जोयणाइं विक्खंभेणं, मूले विच्छिण्णा, मज्झेसंखित्ता, उवरिं तणुया, गोपुच्छसंठाण सट्ठिया, सव्व वइरामई, अच्छा सण्हा लण्हा घट्ठा मट्ठा णीरया णिम्मला णिप्पंका णिक्ककडच्छाया,सप्पभा,सस्सिरीया सउज्जोया, पासादीया, दरिसणिज्जा, अभिरूवा, पडिरूवा ॥ ५ ॥ साण जगई एगेण महत गवक्खकडएण सव्वओ समता सपरिक्खित्ता, सेण गवक्खकडए अद्धजोयण उड्ढ उच्चत्तेण,पंचधणुसयाइं विक्खभेणं, सव्वरयणामए, अच्छे जाव पडिरूवे ॥ ६ ॥ तीसेण जगईए उप्पि बहुमज्झदेसभाए एत्थणं महं एगा पउमवरवेइया पण्णत्ता, अद्धजोयण उड्ढ उच्चत्तेणं, पंचधणुसयाइं विक्खभेण, जगई समीया परिक्खेवेण,

योजन चौडी है मूल में विस्तीर्ण, बीचमें संकुचित और ऊपर पतली है गोपुच्छ संस्थान (आकार) वाली है सब वज्ररत्नमय स्वच्छ सुकोमल घटारी,मठारी,रज रहित,निर्मल है पंक [कर्दम रहित निकंकर शुभ्रकान्ति छायावाली प्रभा,श्री व उद्योत सहित,जिसको आंखोंसे प्रसन्नकारी दर्शनीय अभिरूप और प्रतिरूप है ॥५॥ उस जगती के चारों तरफ जाली वाला गवाक्ष है, यह गवाक्ष आधा योजनका ऊंचा है, पांचसो धनुष्यका चौडा है, सब रत्नमय स्वच्छ यावत् प्रतिरूप है ॥६॥ उस जगती के ऊपर बीच में एक पद्मवर वेदिका है यह आधा योजनकी ऊंची पांचसो

जबू द्दीवस्स विजए णाम दारे पण्णत्ते ? गोयमा ! जबूद्दीवे दीवे मदरस्स पव्व-यस्स पुरत्थिमेण पणयालीस जोयणसहस्साइ वीइवइत्ता जबूद्दीव दीव पुरत्थिम पेरते लवण समुद्दस्स पुरत्थिमद्धस्स पच्चत्थिमेण, सीआए महाणईए उप्पिं एत्थण जबूद्दीवस्स विजए णाम दारे पण्णत्ते, अट्ठ जोयणाइ उड्ढ उच्चत्तेण, चत्तारि जोयणाइ विक्खभेण, तावइय चेव पवेसेण, सेए वर कणगथूभियाए, जाव दारस्स-वण्णओ जाव रायहाणी ॥ एव चत्तारिवि दारा सरायहाणीया भाणियव्वा ॥ १३ ॥ जबूद्दीवस्सण भते ! दीवस्स दारस्सय २ केवइए अबाहाए अतरे पण्णत्ते ? गोयमा !

अहो भगवन् ! जम्बूद्वीप का [विजय] द्वार कहां कहा है, ? अहो गौतम ! जम्बूद्वीप के मेरु पर्वत से पूर्व में पेंतालीस हजार योजन [illegible] [जम्बूद्वीप] के पूर्व के अंत में और लवण समुद्र पूर्वार्ध से पश्चिम में सीता महा नदी [illegible] [विजय] द्वार कहा है वह आठ योजन का ऊंचा, चार योजन का चौडा और उतना ही प्रवे[श] वा[ला] कहा है. उस को एक कनक स्थूमिका कही है यों सब वर्णन जीवाभिगम सूत्र में कहा जैसा. सब चारों द्वार का यावत् राज्यधानी वगैरह का वर्णन यहां भी कहना ॥ १३ ॥ अहो भगवन् ! जम्बूद्वीप के प्रत्येक द्वार को कितना २ अंतर कहा ? अहो

गधो फासो सद्दो, पुक्खरिणीओ पव्वयगा घरगा मडवगा, पुढविसिला नहगाय णेयव्वा ॥ तत्थण बहवे वाणमतरा देवाय देवीओय आसयति सयात चिट्ठति णिसिअति तुअट्टति रमति ललति कीलाति माहति पुरा पोराणाण सुमाण सुप रिकताण कल्लाणाण कडाण कम्माण कल्लाण फलविचिविसेसे पच्चणुभवमाणा विहरति ॥ १० ॥ तीसेण जगईए उप्पि अतो पउमवर वेईआए एत्थण एगे मह वणसडे पण्णत्ते, देसूणाइ दो जोअणाइ विक्खभेण वेइयासमए परिक्खेवेण, किण्हे जाव तणविहुणो णेअव्वो ॥ ११ ॥ जबूद्दीवस्सणं भते ! दीवस्स कइ दारा पण्णत्ता ? गोयमा ! चत्तारि दारा पण्णत्ता, तजहा—विजए, वेजयते, जयन, अपराजिते ॥ १२ ॥ कहिण भते !

सब वर्णन जानना यहां पर बहुत वाणव्यंतर देव और देवियों बैठते हैं, शयन करते हैं, खडे रहते हैं, सोते हैं खेलते हैं, क्रीडा करते हैं मोहित होते हैं और पहिले भव में किये हुये परिपक्व, शुभ, कल्याणकारी, कृत कर्मों का फल भोगवते हुवे विचरते हैं ॥ १० ॥ उस जगती के उपर और पद्मवर वेदिका से अंदर एक बडा खण्ड है वह कुच्छ कम दो योजन का चौडा और वेदिका जितना परिधि वाला है, इस का भी कथन तृण विना पूर्व जैसे जानना ॥ ११ ॥ अहो भगवन् ! जम्बूद्वीप के कितने द्वार कहे हैं ? अहो गौतम ! जम्बूद्वीप के चार द्वार कहे हैं तद्यथा—विजय, वैजयन्त, जयन्त और अपराजित. ॥ १२ ॥

बहुले, उज्झरबहुले, णिज्झरबहुले, खड्डाबहुले, दरीबहुले, ...
बहुले, गुच्छबहुले, गुम्मबहुले, लयाबहुले, वल्लीबहुले, अडवीबहुले, सावयबहुले,
तेणबहुले तक्करबहुले, डिंबबहुले, डमरबहुले, दुभिक्खबहुले, दुक्कालबहुले, पासंडबहुले,
किवणबहुले वणीमगबहुले, ईतिबहुले, मारिबहुले, कुवुट्ठिबहुले अणावुट्ठिबहुले, राय-
बहुले, रोगबहुले, संकिलेसबहुले, अभिक्खणं, २ संखोहबहुले, पाईण१डीणायए,
उदीण दाहिण वित्थिण्णे, उत्तरओ पलिअंक संठिए, दाहिणओ धणुपट्ठसंठिए, तिधा-

बहुत हैं, निर्झरने बहुत हैं खड्डे बहुत हैं गुफाओं बहुत हैं, नदियों बहुत हैं द्रह बहुत हैं, वृक्ष बहुत हैं, गुच्छ, गुल्म लता और वल्लियों बहुत हैं अटवि बहुत हैं, हिंसक जीवों बहुत हैं, चोर बहुत हैं तस्कर बहुत हैं, स्वदेश के राजाका उपद्रव सो डिम्ब बहुत है अन्य देश के राजा से उत्पन्न हुवा उपद्रव सो डमर बहुत है, दुर्भिक्ष बहुत हैं, दुष्काल बहुत हैं, पाखंड बहुत हैं, कृपण बहुत हैं भिखारी बहुत हैं, तीडादिक जन्तुओं का उपद्रव बहुत हैं मारि बहुत हैं, कुवृष्टि बहुत है अनावृष्टि बहुत है, राजा बहुत हैं रोग बहुत हैं, सक्लेश बहुत हैं, और बारबार क्षोभ बहुत हैं यह भरतक्षेत्र पूर्व पश्चिम लम्बा और उत्तर दक्षिण चौडा है उत्तर में पर्यंकासन संस्थानवाला और दक्षिण में धनुष्य पीठिका के संस्थानवाला है पूर्व दक्षिण और पश्चिम यों तीन तरफ लवण समुद्र स्पर्शा हुवा है गंगा सिंधु महा नदियों से और वैताढ्य पर्वत से इस

अउणासीइं जोअणसहस्साइ बावण्णच जोअणाइ देसूणंच अद्धजोअण दारस्सय दारस्सय अबाहाए अतरे पण्णत्ते ॥ गाहा ॥ अउणासीइ सहस्सा, बावण्ण चेव जोयणाहुति ॥ ऊणच अद्धजोअण, दारंतर जबूद्दीवस्स ॥१॥ १४ ॥ कहिण भते ! जबूद्दीवे दीवे भरहेणाम वासे पण्णत्ते ? गोयमा ! चुल्लहिमवतस्स वासहर पव्वयस्स दाहिणेण, दाहिण लवण समुद्दस्स उत्तरेण, पुरत्थिम लवण समुद्दस्स पच्चत्थिमेण पच्चत्थिम लवण समुद्दस्स पुरत्थिमेण, एत्थण जबूदीवे दीवे भरहेणाम वासे पण्णत्ते, खाणुबहुले, कंटबहुले, विसमबहुले दुग्गबहुले, पव्वयबहुले, पवाय-

गौतम ! गुन्यासी ह जार और साढी बावन योजन (७९५२ ॥) में कुच्छ कम का अंतर प्रत्येक द्वार का जानना है और गाथाय भी यही है ॥ १४ ॥ अहो भगवन् ! जम्बूद्वीप में भरतक्षेत्र कहां कहा है? अहो गौतम! चुल्लहिमवत वर्षधर पर्वत से दक्षिण में और दक्षिण लवण समुद्र से उत्तर में पूर्व के लवण समुद्र से पश्चिम में और पश्चिम के लवण समुद्र से पूर्व में जम्बूद्वीप का भरत क्षेत्र कहा है इस भरत क्षेत्र में शुष्क वृक्ष के ठुंठे बहुत हैं बोरटेबाम्बुलादिक के कंटक बहुत हैं, ऊंची नीची विषम भूमि का बहुत है, दुर्गम न बहुत हैं, पर्वत के टेकरे बहुत हैं, पानी के परने बहुत हैं, ऊपर के निकलने के पानी के [illegible]

दाहिणद्धे भरहे णामवासे पण्णत्ते, पाईण पडीणायए, उदीण दाहिण विच्छिण्णे, अद्ध चदसट्ठाण संठिए, तिहा लवण समुद्दंपुट्ठे, गगासिंधूहिं महाणईहिं तिभागपविभत्ते, दोण्णि अट्ठतीसे जोअणसए, तिण्णिअ एगूणतीसइभागे जोयणस्स विक्खभेण ॥१६॥ तस्स जीवा उत्तरेण पाईण पडिणायया दुहा लवण समुद्दपुट्ठा, पुरत्थिमिल्लाए कोडीए पुरत्थिमिल्लं लवणसमुद्दपुट्ठा, पच्चत्थिमिल्लाए कोडीए पच्चत्थिमिल्ल लवण समुद्दपुट्ठा, णवजोयणसहस्साइं सत्तय अडयाले जोयणसए दुवालसय एगूणवीसइ भाए जोयणस्स आयामेण ॥ तीसे धणुपुट्ठे दाहिणेण णवजोयणसहस्साइं सत्त

कहा है यह पूर्व पश्चिम लम्बा और उत्तर दक्षिण चौडा है अर्ध चंद्र संस्थानवाला है दक्षिण, पूर्व और पश्चिम यों तीन दिशा में लवण समुद्र को स्पर्शा हुआ है गगा सिंधु दोनों नदियों (पूर्व पश्चिम) के मध्य में आनेसे इस के तीन भाग हुए हैं २३८ ३/१९ योजन का चौडा है ॥ १६ ॥ इस दक्षिणार्ध भरत क्षेत्र की जीवा (धनुष्य के उपर पणच होवे वैसी दोरी) उत्तर दिशा में पूर्व पश्चिम लम्बी और दोनों तरफ लवण समुद्र का स्पर्श कर रही है पूर्व दिशा में पूर्व के लवण समुद्र को और पश्चिम दिशा में पश्चिम लवण समुद्र को दक्षिणार्ध भरत की जीवा ९७४८ १२/१९ योजन की लम्बी है इस की धनुष्य पीठिका

लवणसमुद्द पुट्ठे, गंगासिंधूहिं महाणईहिं वेअड्ढेणय पव्वएण, छब्भाग पविभत्ते॥जंबू द्दीवे दीवे णउयसयभागे, पंच छव्वीस जोयणसए, छच्च एगूण वीसइभाए जोअणस्स विक्खंभेण ॥ १५ ॥ भरहस्सण वासस्स बहुमज्झदेसभाए एत्थण वेअड्ढे णाम पव्वए पण्णत्ते, जेण भरहवास दुहाविभयमाणे २ चिट्ठइ तंजहा-दाहिणड्ढ भरहंच, उत्तरड्ढ भरहंच॥१६॥कहिण भंते! जंबूद्दीवे दीवे दाहिणड्ढे भरहे णाम वासे पण्णत्ते ? गोयमा ! वेयड्ढस्स पव्वयस्स दाहिणेण, दाहिण लवण समुद्दस्स उत्तरेण, पुरत्थिम लवण समुद्दस्स पच्चत्थिमेण, पच्चत्थिम लवण समुद्दस्स पुरत्थिमेण, एत्थण जंबुद्दीवे दीवे

भरत क्षेत्र के छ विभाग होगये हैं जिसे छ खण्ड कहते हैं इस जम्बूद्वीप की चौडाइ के १९० भाग करे जिस में का एक भाग जितना अर्थात् ५२६ $\frac{6}{19}$ योजन का चौडा है (१००००० योजन का १९० भाग करने से इतना भाग आता है)॥ १५ ॥ भरत क्षेत्र के बीच में एक वैताढ्य पर्वत कहा है इस पर्वतने भरतक्षेत्र के दो विभाग किये हैं यथा दक्षिणार्ध भरत और उत्तरार्ध भरत ऐसे विभाग करके रहा है॥१६॥ अहो भगवन्! जम्बूद्वीप में दक्षिणार्ध भरत क्षेत्र कहां कहा है? अहो गौतम! वैताढ्य पर्वत से दक्षिण में और दक्षिण लवण समुद्र से उत्तर में, पूर्व के लवण समुद्र से पश्चिम में, और पश्चिम के लवण [illegible] में, जम्बूद्वीप का भरत क्षेत्र

पालिया अप्पेगइया णिरयगामी, अप्पेगइया तिरिय-गामी, अप्पेगइया मणुयगामी, अप्पेगइया देवगामी, अप्पेगइया सिज्झति, बुज्झति मुच्चति परिणिव्वायंति, सव्व दुक्खाणमंत करेंति ॥ १९ ॥ कहिण भंते ! जंबुद्दीवे २ भरहेवासे वेयड्ढे णामं पव्वए पण्णत्ते ? गोयमा ! उत्तरड्ढ भरहवासस्स दाहिणेण, दाहिणड्ढ भरहवासस्स उत्तरेण, पुरत्थिम लवण समुद्दस्स पच्चत्थिमेण पच्चत्थिम लवण समुद्दस्स पुरत्थिमेण, एत्थण जंबुद्दीवे दीवे भरहेवासे वेअड्ढेणाम पव्वए पण्णत्ते पाईण पडीणायए उदीण दाहिण विच्छिण्णे, दुहा लवणसमुद्द पुट्ठे, पुरत्थिमिल्लाए कोडीए पुरत्थिमिल्लं

असंख्यातवा भाग उत्कृष्ट तीन कोशकी अवगाहना, बहुत प्रकार के आयुष्यवाले अर्थात् जघन्य अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट तीन पल्योपम के आयुष्य वाले हैं, बहुत वर्ष आयुष्य भोगवकर कितनेक नरकमें जाते हैं, कितनेक तिर्यंच में जाते हैं कितनेक मनुष्यमें जाते हैं कितनेक देवलोकमें जाते हैं और कितनेक सिद्ध बुद्ध मुक्त परिनिर्वाण हो सब दुःख के अंत कर्ता होते हैं ॥१९॥ अब वैताढ्य पर्वतका वर्णन करते हैं—अहो भगवन्! जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्रमें वैताढ्य पर्वत कहां कहा है? अहो गौतम! उत्तरार्ध भरत क्षेत्र से दक्षिणमें और दक्षिणार्ध भरतक्षेत्र से उत्तरमें पूर्व के लवण समुद्र से पश्चिम में और पश्चिम के लवण समुद्र से पूर्व में जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र का वैताढ्य पर्वत कहा है

छाव्वट्ठे जोयणसए एक्कच एगूणवीसइ भाग जोयणस्स, किंचिविसेसाहिअ परिक्खेवेण पण्णत्ते ॥ १७ ॥ दाहिणड्ढ भरहस्सण भंते ! वासस्स केरिसए आगारभावपडोयारे पण्णत्ते ? गोयमा ! बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते, से जहा णामए आलिंग पुक्खरेइवा जाव णाणाविह पंचवण्णेहिं मणीहिं तणेहिं उवसोभिए तंजहा किंचिमेहिं चेव, अकिंचिमेहिं चेव ॥ १८ ॥ दाहिणड्ढ भरहेण भंते! वासे मणुयाण केरिसए आयारभाव पडोयारे पण्णत्ते? गोयमा! तेण मणुया बहुसंघयणा बहु संठाणा, बहु उच्चत्तपज्जवा, बहुआउ पज्जवा, बहूइं वासाइं आउयं पालेंति

दक्षिण में ९७६६ १२/१९ योजन से कुच्छ अधिक परिधि है ॥ १७ ॥ अहो भगवन् ! दक्षिणार्ध भरत क्षेत्र का कैसा आकार भाव है ? अहो गौतम ! दक्षिणार्ध भरत क्षेत्र में बहुत रमणीक भूमि भाग है जैसे आलिंग पुष्कर का तला यावत् विविध प्रकार की पांचों वर्णवाली कृत्रिम और अकृत्रिम मणियों व तृणों से शोभनीक है ॥ १८ ॥ अहो भगवन् ! दक्षिणार्ध भरत क्षेत्र के मनुष्य का कैसा स्वरूप कहा है ? अहो गौतम ! वे मनुष्य बहुत प्रकार के संघयन अर्थात् [वज्र ऋषभ नाराचादि छ संघयन] वाले बहुत प्रकार के संस्थान अर्थात् समचतुस्रादि छ संस्थानवाले, बहुत प्रकार की ऊंचाइ की पर्यायवाले, अर्थात् [illegible]

तीसे धणुपुट्ठे दाहिणेण दस जोयण सहस्साइ सत्तय तेआले जोजणसए पण्णरसय एगूणवीसइ भागे जोयणस्स परिक्खेवेण, रुयग सठाण सठिए, सव्वरययामए अच्छे सण्हे लट्ठे घट्ठे मट्ठे णीरए णिम्मले णिप्पके णिक्ककडच्छाए सप्पभेसस्सिरिए पासाइए दरसणिज्जे, अभिरूवे पडिरूवे, ॥ उभओ पासिं दोहिं पउमवर वेइयाहिं, दोहिं वणसडेहिं, सव्वओ समता सपरिक्खित्ते ॥ ताओण पउमवर वेइयाओ अद्ध जोअण उड्ढ उच्चत्तेण, पचधणुसयाइ विक्खभेण, पव्वय सामियाओ आयामेण, वण्णओ भाणियव्वो ॥ तेण वणसडा—देसूणाइ दो जोयणाइ विक्खभेण, पउमवर वेइआ

पर्वत की जिव्हा उत्तर दिशा में पूर्व पश्चिम के लवण समुद्र को स्पर्श कर रही है. अर्थात् पूर्व के अत से पूर्व का लवण समुद्र और पश्चिम के अंत से पश्चिम का लवण समुद्र स्पर्शा है यह जिव्हा १०७२० $\frac{१२}{१९}$ योजन की लम्बी है दक्षिण में इस की धनुष्य पीठिका की परिधि १०७४३ $\frac{१५}{१९}$ योजन की है यह रुचक नामक ग्रीवाभरण के आकारवाला है, सब रत्न में स्वच्छ, श्लक्ष्ण लष्ट, घष्टारा मठारा रज रहित, निर्मल, पंक रहित, निष्कंकर छायावाला, प्रभावाला प्रसन्नकारी दर्शनीय अभिरूप और प्रतिरूप है दोनों बाजु दो पद्मवर वेदिका और दो वनखण्ड करव्याप्त है वे पद्मवर वेदिका आधा योजन की ऊंची है पांच सो धनुष्य की चौडी है पर्वत जितनी लम्बी है वगैरह सब वर्णन पूर्वोक्त प्रकार कहना वे वनखण्ड कुच्छ

आठवे शतक का दूसरा उद्देशा १०३१

आठवा शतक का-तीसरा उद्देशा १०७३

आठवा शतक का चौथा उद्देशा १०७९

आठवे शतक का पांचवा उद्देशा १०८०

आठवे शतक का-छट्ठा उद्देशा १०९४

नवव‍ा शतक का प्रथमो उद्देशा

नववे शतक का दूसरा उद्देशा

नववे शतक का-तीसरा उद्देशा

नववा शतक का-इकतीसवा उद्देशा

नववा शतक का बावीसवा उद्देशा

नववा शतक का-तेतीसवा उद्देशा

नववा शतक का-चौतीसवा उद्देशा

१० दशवे शतक का-पहिला उद्देशा

१२ द्वादश शतक का प्रथम उद्देशा

द्वादश शतक का दूसरा उद्देशा

द्वादशम शतक का तीसरा उद्देशा

द्वादश शकत का चौथा उद्देशा

द्वादश शतक का-पाचवा उद्देशा

बारवा शतक का छट्ठा उद्देशा

चउदवा शतक का दशवा उद्देशा

पञ्चदश शतक का एक ही उद्देशा

अष्टादश शतक का-प्रथमोद्देशा

अठारवा शतक का तीसरा उद्देशा

अठारवे शतक का चौथा उद्देशा

अठारवे शतक का पाचवा उद्देशा

अठवा शतक का छट्ठा उद्देशा

अठारवा शतक का सातवा उद्देशा

छव्वीसवा शतक

☛ पुज्य श्री कहानजी ऋषि महाराज का सम्प्रदायके बालब्रह्मचारी मुनि श्री अमोलकऋषिजी ने सीर्फ तीन वर्ष में ३२ ही शास्त्रों का हिंदी भाषानुवाद किया उन ३२ ही शास्त्रों की १०००—१००० प्रतों सीर्फ पांच ही वर्ष में छपवा कर दाक्षिण हैद्राबाद निवासी राजा बहादुरलाला सुखदेवसहायजी ज्वालाप्रसादजीने सब को अमूल्य लाभ दिया है

पुज्य श्री कहानजी ऋषि महाराज का सम्प्रदायके बालब्रह्मचारी मुनि श्री अमोलकऋषिजी ने सीर्फ तीन वर्प में ३२ ही शास्त्रो का हिंदी भाषानुवाद किया. उन ३२ ही शास्त्रों की १०००—१००० प्रतों सीर्फ पांच ही वर्प में छपवा कर दक्षिण हैद्राबाद निवासी राजा बहादुरलाला सुखदेवसहायजी ज्वालाप्रसाद जीने सब को अमूल्य लाभ दिया है

॥ पंचमांग ॥

॥ विवाह पण्णत्ति (भगवती) सूत्र ॥

* प्रथम शतकम् *

ण० नमस्कार अ० अरहत को ण० नमस्कार सि० सिद्धको ण० नमस्कार आ० आचार्य को ण०

णमो अरहताण । णमो सिद्धाण । णमो आयरियाण । णमो उवज्झायाण । णमो लोए

श्री अरहंत को नमस्कार होवो कर, चरण व मस्तक का सुप्रणिधान सो नमस्कार कहा जाता है किसको नमस्कार करना ? श्री अरहत को अरहंत किस को कहते हैं ? देवताओं से विनिर्मित महा-प्रातिहार्य नामक पूजा मे जो पूजित बने हुवे हैं, अथवा रह० एकान्त देश व अन्त जिम को नहीं है,

नमस्कार उ० उपाध्याय को ण०नमस्कार लो० लोकमें स० सर्व सा० साधुको ॥*॥ ण०नमस्कार बं०ब्राम्ही

सव्वसाहूण ॥ * ॥ णमो बमीए लिवीए ॥ * ॥ रायगिह, चलण, दुक्खे, कखप-

अर्थात् जो सब भाव को जान व देख सकते हैं उन को अरहंत कहते हैं ऐसे अरहंत भगवंत को नमस्कार होवो इस का अरूहंताण व अरिहंताणं ऐसे दो पाठान्तर हैं अष्टप्रकार के कर्मरूप शत्रुको हणनेवाले अरिहंत कहाते हैं कर्मरूप बीज का क्षय होने से ससार में पुनःजन्म लेने का जिन को नहीं है इसलिये अरुहंत कहाते हैं; उनको नमस्कार होवो सिद्ध भगवंत को नमस्कार होवो वे कैसे हैं ? शुक्ल ध्यानरूप अग्नि से अष्टप्रकार के कर्मों को दग्ध करके जो मोक्ष पहुचे हैं उन्हें सिद्ध कहते हैं; उन को नमस्कार होवो जिन शासन के उपदेशक, ज्ञानादि पंचाचार पालनेवाले, गच्छ के नायक, अष्ट संपदा के धारक, ऐसे श्री आचार्यको नमस्कार होवो इग्यारह अंग व बारह उपांग स्वयं पठन करे, अन्य को पठन करावे, और चरण सत्तरी व करण सत्तरी पचीस गुणों से युक्त होवे ऐसे उपाध्याय को नमस्कार होवो ज्ञानादिक से मोक्ष मार्ग साधे वैसे सब साधु को नमस्कार होवो यहांपर " सव्वसाहूण " पाठ में सव्व शब्दका प्रयोग करने से सामायिक विशेष, अप्रमत्तादिक, पुलाकादिक, जिन कल्पिक, परिहार विशुद्ध कल्पिक, यथा लिंगादि कल्पिक प्रत्येक बुद्ध, स्वयबुद्ध, व बुद्धबोधित प्रमुख गुणवंत साधुओं को भी ग्रहण कीये हैं उक्त पंच परमेष्ठी मोक्षमार्ग के सहायक व परम उपकारी हैं * ब्राम्ही लिपिक

को नमस्कार होवो' अर्थात् श्री ऋषभदेवजीने गृहवास में अपनी ज्येष्ठ पुत्री ब्राह्मी को अठारह प्रकार की लिपि बतलाई उस लिपि से शास्त्र लिखे गये इस लिये उस का कथन करनेवाले श्री ऋषभदेव स्वामी को शास्त्र के उपदेश देनेवाले श्री सुधर्मास्वामी नमस्कार करते हैं इस तरह नमस्कार किये पीछे पांचवा अंग श्री व्याख्याप्रज्ञप्ति का अधिकार कहते हैं इस में जीवाजीव की विविध प्रकार की प्ररूपना की है, गौतमादिक के विविध प्रकार के प्रश्नों व उनके उत्तर दिये हैं इस में एक सरिखा संबध होनेपरभी पुष्पावकीर्ण की तरह भिन्न २ प्रकार का अधिकार है इस का अपर नाम भगवती है अर्थात् भगवंत की वाणी सर्वमान्य होने से भगवती कहाती है इस के १३८ शतक हैं, उन के उद्देशे १०००० प्रमाण हैं, ३६ हजार प्रश्न हैं और पद २८८००० हैं प्रथम शतक श्री भगवन्तने राजग्रही नगरी में कहा इस के दश उद्देशे कहे हैं प्रत्येक उद्देशे में भिन्न २ प्रश्न पूछे हैं सो बताते हैं अब उद्देशेके नाम) बताते हैं १ चलण—चलमाणे

---

१ कितनेक 'नमो बंभीए लिवीए' इनका ब्राह्मी लिपि को नमस्कार होवो ऐसा अर्थ करके अक्षर स्थापना निक्षेप सिद्ध करते हैं, परतु जैसे अनुयोग द्वार में पाथा का जान पुरुष पाथा कहाता है वैसे ही लिपिका शिखानेवाला पुरुष लिपिक कहा जा सकता है इसलिये यहांपर सूत्रकारने अक्षर स्थापना रूप लिपि को नमस्कार नहीं करते हुवे लिपि बतानेवाले श्री ऋषभदेव स्वामी को नमस्कार किया है और भी वीर निर्वाण पीछे ९८० वर्ष में पुस्तकारूढ ज्ञान हुवा इस से लिपि को नमस्कार करना नहीं संभवता है

लि० लिपिक को॥*॥रा० राजगृह में च० चलन दु० दुःख कं० कांक्षा प्रदोष प० प्रकृति पु० पृथ्वी जा० यावन्त णे० नारकी बा० बाल गु० गुरुक च० चलन॥*॥ण० नमस्कार सु० श्रुतको ते० उस का० काल ते० उस स० समय में रा० राजगृह णा० नाम न० नगर हो० था व० वर्णन वाला त० उस रा० राजगृह

ओसेय, पगइ, पुढवीओ, जावते, नेरइए, बाले, गुरुएय, चलणाओ॥*॥णमो सुअस्स ॥

तेण कालेण तेण समएण रायगिहे णाम णयरे होत्था, वण्णओ तस्सण रायगिह-

चलिए इत्यादि चलण विषय अर्थ का निर्णय रूप पहिला उद्देशा नव प्रश्न का जानना २ दुःख इस में जीव अपना कीया हुवा कर्म वेदता है इत्यादि प्रश्नकी पृच्छा है ३ कांक्षा प्रदोष इस में जीवने कांक्षा मोहनीय कर्म किया ? ऐसे प्रश्नोंकी पृच्छा है ४ प्रकृति-इस में कर्म की कितनी प्रकृतियों कही है इत्यादि प्रश्नकी पृच्छा है पृथ्वी-इस में रत्नप्रभादि कीतनी पृथ्वी है इसका निर्णय किया है ६ जावंत इसमें जितना अंतर मे सूर्य का उदय होता होवे उसका निर्णय किया है ७ नारकी-इस में नरक में नारकी उत्पन्न होते हैं या नारकी सिवाय अन्य जीव उत्पन्न होते है इसका निर्णय किया है ८ बाल-इसमें एकान्त बालका स्वरूप कहा है, ९ गुरुक-इसमें कोनसा जीव भारी होता है इसप्रश्न का निर्णय किया है १० चलणाओ-इसमें अन्य दर्शनियों का ऐसा कथन होवे कि चलमाणे अचलिए इत्यादि प्रश्न का निर्णय किया है॥*॥इस द्वादशांग रूप श्रुत सो अर्हंत प्रवचन उस को नमस्कार होवो इस तरह नमस्कार करके श्री

न० नगर की ब० बाहिर उ० ईशान दि० दिशा में गु० गुणशिल णा० नामका चे० चैत्य हो० था त० वहा से० श्रेणिक राजा चि० चेलणादेवी ॥ १ ॥ ते० उस का० काल ते० उस स० समय में स० श्रमण भ० भगवान् म० महावीर आ० आदिकर ति० तीर्थंकर स० स्वय सबुद्ध पु० पुरुपोत्तम पु० पुरुपसिंह

स्स णयरस्स वहिया उत्तरपुरच्छिमे दिसीभाए गुणासिलए णाम चेइए होत्था तत्थ-

ण सेणिए राया, चिल्लणादेवी ॥ १ ॥ तेण कालेण तेण समएण समणे भगव महा-

वीरे आदिगरे, तित्थगरे,सयसबुद्धे, पुरिसुत्तमे पुरिससीहे, पुरिसवर पुडरीए,पुरिसवरगधह-

सुधर्मा स्वामी अपने पाटवीय शिष्य श्री जम्बूस्वामी को कहते हैं कि उसकाल उस समय में अर्थात् इस अवसर्पिणी काल के दुपम सुपम नामक चौथे आरेमें भगवन्तने इस कथाका उपदेश दिया तब राजगृह * नामक नगर था उसका वर्णन रायप्रसेणी सूत्र से जानना उस राजगृही नगरी की ईशान कोन में गुणशील नामक यक्ष का चैत्य (बिंब अथवा बिम्ब युक्त आयतन) था उस राजगृह में श्रेणिक राजा राज्य करता था और उनको चेलणा नामक राणी थी ॥ १ ॥ उस काल उस समय में श्रुत व चारित्र धर्म की आदि के करनेवाले, साधु साध्वी, श्रावक व श्राविका इन चार तीर्थ को

---

* यद्यपि वर्तमान काल में राजगृह नामक नगर है तथापि अतीत काल जैसा अब नहीं है अनत वर्णादिक के पुद्गलों का क्षय हुवा है, इसलिये यहां भूतकाल का प्रयोग किया है

लि० लिपिक को॥*॥रा० राजगृह में च० चलन दु० दुःख क० कांक्षा प्रदोष प० प्रकृति पु० पृथ्वी जा० जावन्त णे० नारकी बा० बाल गु० गुरुक च० चलन॥*॥ण० नमस्कार सु० श्रुतको ते० उस का० काल ते० उस स० समय में रा० राजगृह णा० नाम न० नगर हो० था व० वर्णन वाला त० उस रा० राजगृह

ओसेय, पगइ, पुढवीओ, जावते, नेरइए, बाले, गुरुएय, चलणाओ॥*॥णमो सुअस्स॥

तेण कालेण तेण समएण रायगिहे णाम णयरे होत्था, वण्णओ तस्सण रायगिह-

चलिए इत्यादि चलण विषय अर्थ का निर्णय रूप पहिला उद्देशा नव प्रश्न का जानना २ दुःख इस में जीव अपना कीया हुवा कर्म वेदता है इत्यादि प्रश्नकी पृच्छा है ३ कांक्षा प्रदोष-इस में जीवने कांक्षा मोहनीय कर्म किया? ऐसे प्रश्नोंकी पृच्छा है ४ प्रकृति-इस में कर्म की कितनी प्रकृतियों कही हैं इत्यादि प्रश्नकी पृच्छा है पृथ्वी-इस में रत्नप्रभादि कीतनी पृथ्वी है इसका निर्णय किया है ६ जावत इसमें जितना अंतर मे सूर्य का उदय होता होवे उसका निर्णय किया है ७ नारकी-इस में नरक में नारकी उत्पन्न होते हैं या नारकी सिवाय अन्य जीव उत्पन्न होते हैं इसका निर्णय किया है ८ बाल-इसमें एकान्त बालका स्वरूप कहा है, ९ गुरुक-इसमें कोनसा जीव भारी होता है इसप्रश्न का निर्णय किया है १० चलणाओ-इसमें अन्य दर्शनियों का ऐसा कथन होवे कि चलमाणे अचलिए इत्यादि प्रश्न का निर्णय किया है॥*॥इस द्वादशांग रूप श्रुत सो अर्हत प्रवचन उस को नमस्कार होवो इस तरह नमस्कार करके श्री

र० सरण ग० गति प० रहे हुवे अ० अमतिहत व० मधान ना० ज्ञान दर्शन ध० धरने वाले वि० निवृत्त छ० छद्मस्थपने से जि० जिते जा० जितानेवाले ति० तीरे ता० तारक बु० बुद्ध बो० बुझाने मु० मुक्त मो० मुक्तकरे स० सर्वज्ञ स० सर्वदर्शी सि० शिव अ० अचल अ० रोगरहित अ० अनंत अ० अक्षय अ०

दसणधरे, वियट्ट छउमे जिणे, जावए, तिणे, तारए, बुद्धे, बोहिए, मुत्ते मोयए स-
व्वण्णू सव्वदरिसी सिव, मयल, मरुअ, मणत, मक्खय, मव्वाबाह, मपुणरावत्तिय,

चक्षु के दातार, मोक्ष मार्ग के दातार, विविध प्रकार के उपद्रव से पीडित, जीव को रक्षा स्थान-मोक्ष स्थान देनेसे शरण देनेवाले, सम्यक्त्व चारित्र रूप बोधिके देनेवाले, श्रुत चारित्र रूप धर्म देनेवाले, धर्म के उपदेशक, धर्म के नायक, धर्मरूप रथके सारथी, जैसे पृथिवी पे समस्त राजाओं में चक्रवर्ती मधान है वैसेही धर्म कथन में भगवान् चक्रवर्ती चारों गतिके अंत करनेवाले, जैसे समुद्र में रहे हुवे जीवों को द्वीप आधार भूत है वैसेही संसार रूप समुद्र में रहे हुवे माणियों को आधार भूत, अमतिहत व श्रेष्ट ज्ञान दर्शन के धारक, छद्मस्थपना से निवर्तनेवाले, रागादि जीतनेवाले, अन्य को धर्मोपदेश कर के रागद्वेष जीतानेवाले, स्वय संसार समुद्र से तीरनेवाले, अन्य को संसार समुद्र से तीरानेवाले, स्वयंतत्त्वको जानने-वाले, अन्य को तत्त्वका ज्ञान देनेवाले, स्वय अष्टकर्म से मुक्त होनेवाले व अन्य को मुक्त करानेवाले, सर्वज्ञ सर्वदर्शी, सब उपद्रव रहित, अचल, रोगरहित, अनंत, अक्षय, अव्याबाध, अपुनरावर्त ऐसीसिद्ध

पु० पुरुषवर पुंडरीक पु० पुरुषवर गंधहस्ती लो० लोकमें उत्तम लो० लोक के नाथ लो० लोक के हितकर्ता लो० लोक में दीपसमान लो० लोकमें प० सूर्यसमान अ० अभय देनेवाले च० चक्षुके देनेवाले म० मार्ग देनेवाले जी० जीव देनेवाले रक्षक बो० बोधि देनेवाले ध० धर्मके देनेवाले ध० ध० धर्मके उपदेशक ध० धर्मके नायक ध० धर्मके सारथि ध० धर्ममें व० प्रधान चा० चातुरंत चक्रवर्ती दी० द्वीप ता० त्राण

त्थी, लोगुत्तमे, लोगनाहे, लोगहिए लोगपदीवे, लोग पज्जोयगरे, अभयदए, चक्खुदए, मग्गदए, सरणदए, जीवदए, बोहिदए, धम्मदए, धम्मदेसिए, धम्मनायगे, धम्मसारहिए, धम्मवर चाउरत चक्कवट्टी, दीवो ताण सरणगइपइट्ठे, अप्पडिहयवरणाण

स्थापनेवाले, अन्यके उपदेश विना स्वतःही हेय ज्ञेय उपादेय पदार्थ स्वरूप को जाननेवाले, रूपादि अतिशय अथवा जात्यादिकके उच्चत्वसे पुरुषोंमें उत्तम, शौर्यगुणसे पुरुषमें सिंह समान, सब अशुभ पाप रहित होनेसे पुरुषोंमें पुंडरीक कमल समान, पुरुषोंमें गंधहस्ती समान लोक में उत्तम, लोकके नाथ अर्थात् योग सो जिसको पहिले धर्म नहीं प्राप्त हुआहै उनको धर्म की प्राप्ति कराना और क्षेम सो धर्मकी प्राप्ति होनेपर मनको स्थिर रहनेदेना इस तरह योग व क्षेम दोनों करनेवाले होनेसे लोकके नाथ, षड्विध जीवनिकाय रूप लोक की रक्षा करने से हितकारी, संज्ञी पचेन्द्रिय जीवरूप लोकको दीपसमान, गणधरादि लोकको उद्योतके करनेवाले, अभय के दाता, श्रुतज्ञानरूप

१ आसन्न सिद्धिक मोक्षगामी सब भव्य जीव

प० पद्म गो०गौर उ०उग्रतप दि०दीप्ततप त०तप्ततप म०महातप घो०घोरतप उ०उदार घो० घोर घो० घोर गुण घो० घोरतपस्वी घो० घोर ब्रह्मचारी उ० शुश्रुषा रहित स० संक्षिप्त वि० बहुत त० तेजस लेश्या च० चौदहपुर्वी च० चार णा० ज्ञान के उ० धारक स० सर्व अक्षर स० सन्निपाति स० श्रमण भ० भगवान् म० महावीर से अ० दूर नहीं नजदीक नहीं उ० ऊर्ध्वजानु अ० अधोशिर झा० ध्यान कोठे में उ०

तवे, तत्ततवे, महातवे,घोरतवे,उराले, घोरे, घोरगुणे, घोर तवस्सी घोर बंभचेरवासी, उच्छू-
ढ सरीरे, संखित्तविउल तेउलेस्से, चउद्दसपुव्वी, चउणाणोवगए, सव्वक्खरसण्णि-
वाती, समणस्स भगवओ महावीरस्स अदूरसामंत उड्ढंजाणू अहोसिरे झाणकोट्ठो-

की अवगाहनावाले, समचतुरस्र संस्थान से संस्थित, वज्रऋषभ नाराच संघयण युक्त, कनकके बिन्दुसमान व पद्म कमल समान गौर वर्णवाले, उग्रतपस्वी, दीप्त तपवाले, आशंसादि दोष रहित, महत् तप करनेवाले, घोर तप करनेवाले, प्रधान तपसे पार्श्वस्थादि जीव को भय उपजानेवाले, परीषह व इन्द्रियादि रिपु को नाश करने में घोर, अन्य जीव नहीं आचर सके वैसे घोरगुणों का धारन करनेवाले, घोर तपस्वी, घोर ब्रह्मचारी, शरीर की शुश्रुषा का त्याग करनेवाले, अनेक योजन प्रमाण क्षेत्राश्रित वस्तुदहन में समर्थ तेजोलेश्या को संकुचित करनेवाले, उत्पातादि चौदह पूर्व के धारक, केवल ज्ञान वर्जित चार ज्ञान के धारक व सब अक्षर के प्रयोगको जाननेवाले गौतम स्वामी श्री श्रमण, भगवंत महावीर स्वामी से

अव्याबाध अ० पुनरागमन रहित सि० सिद्धगति ना० नाम ठा० स्थान को स० प्राप्त करने की का० इच्छावाले जा० यावत् स० समवसरण प० परिषदा णि० निर्गता ध० धर्म क० कहा प० परिषदा प्रति-गता ॥ २ ॥ ते० उस का० काल से० उस स० समय में स० श्रमण भ० भगवान् म० महावीर के जे० ज्येष्ठ अं० अंतेवासी इ० इन्द्रभूति ना० नाम का अ० अनगार गो० गौतम गोत्रीय स० सात हाथ के ऊंचे स० समचतुस्र संठान स० सहित व० वज्र ऋषभ नाराच संघयणी क० सुवर्ण पु० कसोटी णि० घसाहुवा

सिद्धगइनामधेयं ठाणं संपाविउकामे जाव समोसरणं । परिसाणिग्गया । धम्मोक-हिओ परिसा पडिगया ॥ २ ॥ तेणं कालेणं, तेणं समएणं, समणस्स भगवओ महावीरस्स जेट्ठे अंतेवासी इंदभुती णामं अणगारे गोयमगोत्तेणं सत्तुस्सेहे समचउरं-स संठाण संठिए, वज्जरिसह नाराय संघयणे कणगपुलगणिघसपम्हगोरे, उग्गतवे, दित्त

गति को प्राप्त करने की इच्छावाले श्री श्रमण भगवंत महावीर स्वामीने राजग्रह नगर के गुणशील नामक बगीचे में बारह प्रकार की परिषदा को समस्त धर्मोपदेश दिया जीव है, अजीव है लोक है अलोक है यावत् मोक्ष है परिषदा के देव, देवी, मनुष्य वगैरह सब भगवंत को वांदकर स्वस्थान गये ॥२॥ उस काल उस समय में श्री श्रमण भगवंत का जेष्ठ अंतेवासी इन्द्रभूति नामक अणगार, गौतम गोत्रीय, सात हाथ

१ चार देव, चार देवी व चतुर्विध संघ

विशेष उत्पन्न हुआ है कुतुहल उ० स्थान से उ० उठे ड० स्थान मे उ०उठकर जे० जहां स० श्रमण भ० भगवान् म० महावीर ते० तहां उ० आये उ० आकर स० श्रमण भ० भगवान् म० महावीर को ति० तीनवक्त आ०आदान प०प्रदक्षिणा क०की क०करके व०वंदे न० नमस्कारकिये व० वंदनकर ण० नमस्कार कर ण० नीचा आसनसे णा० दूरनहीं सु०श्रवण करन की इच्छावाले ण० नमस्कार करते अ० सन्मुख वि० विनय से प० हस्त जोडकर प० सेवा करते ए० ऐसा व बोले ॥ ४ ॥ से० वह णू० निश्चय भ० भगवन्

कोउहल्ले, । उट्ठाएउट्ठेति, उट्ठाएउट्ठेत्ता जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव-उवागच्छइ, उवागच्छित्ता समण भगवं महावीर तिक्खुत्तो आयाहिण, पयाहिण करेइ, करेइत्ता वंदइ णमंसइ, वंदित्ता णमंसित्ता णच्चासणे णातिदूरे, सुस्सूसमाणे णमंसमाणे अभिमुहे विणएण पंजलिउडे पज्जुवासमाणे एवं वयासी ॥ ४ ॥ से णूण-

से उपस्थित हुवे उपस्थित होकर जहां श्री श्रमण भगवंत महावीर स्वामी विराजते थे वहां आये आकर श्री श्रमण भगवंत महावीर स्वामीको तीन वार प्रदक्षिणा कर के वंदे नमस्कार किया वंदणा नमस्कार कर के अविदूर व अति नजीक भी नहीं वैसे भगवंत के वचन श्रवण करने की अत्यंत अभिलाषा रखते हुवे, नमस्कार करते हुवे, भगवन्त सन्मुख मुख कर के विनय पूर्वक हस्तद्वय जोडकर सेवा करते हुवे ऐसा बोले अर्थात् गौतम स्वामीने ऐसा प्रश्नकिया॥४॥अहो भगवन् ! जो कर्म अपनी स्थितिसे चलनेलगे, भोग सन्मुख हुवे

रहेहुवे सं० संयम त० तप से अ० आत्मा को भा० भावते वि० विचरते हैं ॥३॥ त० तब गो० गौतम को जा० उत्पन्न है स ० श्रद्धा मा० उत्पन्न है सं० संशय जा० उत्पन्न है को० कुतुहल उ० उत्पन्न हुइ है स० श्रद्धा उ० उत्पन्न संशय उ० उत्पन्न कुतुहल स० विशेष उत्पन्न है श्रद्धा स० विशेष उत्पन्न है संशय स० विशेष उत्पन्न है कुतुहल स० विशेष उत्पन्न हुइ है श्रद्धा स० विशेष उत्पन्न हुवा है संशय स०

वगए सजमेण तवसा अप्पाण भावेमाणे विहरइ ॥ ३ ॥ तएण से भगवं गोयमे जा-
यसड्ढे, जायससये, जायकोउहल्ले, उप्पण्णसड्ढे, उप्पण्णससए, उप्पण्णकोउहल्ले, स-
जायसड्ढे, सजाय ससये, सजाय कोउहल्ले, समुप्पन्नसड्ढे, समुप्पन्नससये, समुप्पन्न

बहुत दूर नहीं वैसेही नजीक भी नहीं ऐसे ऊर्ध्वजानु व अधोशिर (उत्कट आसन) कर बैठेहुवे धर्म ध्यान व शुक्लध्यान करते और, संयम व तपसे आत्मा को भावते हुवे विचर रहें ॥ ३ ॥ उस समय श्री गौतम स्वामी को तत्त्वार्थ जानने की श्रद्धा उत्पन्न हुई; क्योंकी " चलमाणे चलिए " इस में वर्तमानकाल व अतीतकाल एक सरिखा कहा ऐसा वाक्य किस न्यायसे कहा? ऐसा संशय उत्पन्न हुवा, किस प्रकार से इस का अर्थ प्रकाशेंगे ऐसा कुतुहल उत्पन्न हुवा, तत्काल श्रद्धा उत्पन्न हुई, तत्काल संदेह उत्पन्न हुवा तत्काल कुतुहल उत्पन्न हुवा, विशेष श्रद्धा हुई, विशेष संशय उत्पन्न हुवा, व विशेष कुतुहल उत्पन्न हुवा है जिस को ऐसे व समुत्पन्न श्रद्धा, समुत्पन्न संशय व समुत्पन्न कुतुहल वाले श्री गौतमस्वामी स्वस्थानक

मरा णि० निजरते को णि० निर्जरा हु० हा गो० गौतम ! च० चलते को च० चला जा० यावत् णि०

छिज्जमाणे छिण्णे ? भिज्जमाणे भिण्णे ? दज्झमाणे दड्ढे ? मिज्जमाणे मडे ? णिज्जरिज्जमाणे णिज्जिण्णे

इन्धन जलाना शरू किया इस तरह जलते को जलाया कहना ! ८ जिस के आयुष्य का संचित पुद्गल का क्षय होने लगा मृत्यु सन्मुख हुवा तब उस मरते को मरा कहना ? ९ जीव प्रदेश से कर्म पुद्गलों की निर्जरा करने लगा उस निर्जरा करने को निर्जरा कहना ? यह नवप्रश्नों श्री महावीर स्वामीसे गौतम स्वामीने पूछे तब भगवन्त महावीर स्वामी उत्तर देते हैं कि हा गौतम ! उनका अर्थ वैसाही है अर्थात् जैसे किसी कपड़ा बनानेवाले वनकरने कपड़ा बनाना शरू किया और प्रथम तन्तु बुना उसे वस्त्र बुना कहा जाता है वैसेही उक्त प्रकार के कार्य जिस समय में शरू किये उस ही समय में हुवे कहे जासकते हैं यद्यपि इन को पूर्ण होने में असंख्यात समय व्यतीत होते हैं तथापि उस की परिणति में उस की सब आकृति बनजाते है यह वह पूर्ण करने का अभिलाष बना हुवा है १ वैसे ही जिसने अपने अनादि कर्म को कर्मस्थिति से मचलित किये, भोगवने सन्मुख हुवा उन्हें निश्चय से कर्म भोगवेगा २ जो उदय नहीं आये हैं उन को उदीरणा से उदय में लाने का जिसने प्रयत्न किया वह उदीरना करेगा ३ जिनके कर्म उदयमें आकर वेदना देनेलगे वे सबही वेद जावेंगे ४ जिन के कर्म जीवके प्रदेशसे पतन होनेलगे उन के सब कर्म पड़ेंगे ५ जिसने कर्म की स्थिति ह्रस्व कालकी की वह क्षय करेगा ६ जो कर्म पुद्गलों को परावर्तन करने लगा वह परावर्तेगा

च० चलते को च० चला उ० उदीरते को उ० उदीरा वे० वेदते को वे० वेदा प० छोडते को प० छोडा छि० छेदने को छि० छेदा भि० भेदते को भि० भेदा द० जलाते को द० जलाया मि० मरते को म०

भंते ! चलमाणे चालिए ? उदीरिज्जमाणे उदीरिए ? वेदिज्जमाणे वेदिए ? पहेज्जमाणे पहीणे !

उनकर्मों को क्या चली कहना ? + २ जो कर्म उदय में नहीं आये हैं, बहुत आगामिक काल में उदय आवेंगे उनको शुभ अध्यवसाय से आकर्ष कर उदय में लावे उसे उदीरणा कहते हैं इस तरह प्रथम समय में उदीरणा करते को उदीरेही क्या कहना ? ३ कर्म उदय में आकर प्रथम समय में वेदते होवे उन्हें क्या वेदेही कहना ? ४ जो कर्म पुद्गल जीव के प्रदेश मे अवलम्बन कर रहे थे वे पतन होने लगे उन्हें क्या पतन हुवा कहना ? ५ जो कर्म दीर्घकाल की स्थितिवाले थे उनका छेदन कर अल्प काल की स्थितिवाले बनाये, इस तरह से प्रथम समय में छेदते को छेदा कहना ? ६ जो कर्म तीव्ररस देने वाले थे उनको मंद रस देनेवाले बनाये इस तरह उनकर्मों को प्रथम समयमें भेदतेको भेदे कहना ? ७ ध्यानरूप ज्वालासे कर्मरूप

+ श्री सुधर्मा स्वामी ने सूत्र की आदि में अन्य अनेक प्रश्नों को छोडकर "चलमाणे चालिए" यह प्रश्न क्यों ग्रहण किया ? समाधान-धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष इन चारों को साधने में उद्यमश्रेष्ठ कहा है चारों में मोक्ष श्रेष्ठ है वह कर्मक्षय से होता है और कर्म क्षय अनुक्रम से होता है इसलिये प्रधान हेतु की सिद्धि के लिये प्रथम ही "चलमाणे चालिए" इसप्रश्नसे निश्चय किया कि जिनके कर्म अपने अनादि स्वभावकी सिद्धिसे चलित हुवे उन का चले ही कहना मोक्ष प्राप्ति का प्रथम कार्य में ही यह दर्शाया है

अथवा णा० विविध अर्थी वि० विविधउच्चारके णा० विविध व्यंजनके गो० गौतम ए० ये च० चार पद ए० एकअर्थी णा० विविध उच्चार णा० विविध व्यंजन उ० उत्पन्न पक्षके ए० ये प० पांचपद णा० विविधअर्थी णा० विविध उच्चारके

णाणा वजणा? गोयमा! चलमाणे चालिए, उदीरिज्जमाणे उदीरिए, वेइज्जमाणे वेइए, पहेज्ज-
माणे पहीणे, एएण चत्तारि पया एगट्ठा णाणा घोसा, णाणावजणा उप्पण्ण

ये चार पद उत्पन्न पक्ष आश्रित एक अर्थवाले, अनेक घोष, व अनेक व्यंजनवाले हैं यहापर दो पक्ष ग्रहण किये हैं एक उत्पाद पक्ष और दूसरा विगम पक्ष उस में उक्त चारों पद केवल ज्ञान सो उत्पाद और मोक्ष सो विगत पद उस में यह चारों पद केवल उत्पाद विषयक होने से एक अर्थ वाले कहे हैं जैसे केवल ज्ञान पर्याय जीव को पहिले नहीं प्राप्त हुइ थी और जीव का प्रयास केवल ज्ञान निमित्त है इसलिये वह ही केवल ज्ञान उत्पत्ति पर्याय कहा जो कर्म चलायमान होवेंगे वे उदय में आवेंगे और जो उदय में आवेंगे वे वेदे जावेंगे और वेदे पीछे क्षीण होवेंगे, इस लिये उत्पाद पक्ष में ये चारों पद एकार्थ वाची जानना अथवा स्थिति बंधादि भविशेषित सामान्य आश्रय से एकार्थ है केवल उत्पादक पक्ष के साधक है, क्यों कि उत्पन्न पक्ष में कर्म चिंता का प्रक्षीणपना होता है छिन्न पद में स्थिति का विगम कहा, भिन्न पद में रसका विगम कहा दज्झ पद में दाहरूप विगम कहा, मिज्ज पद में आयुष्य कर्म के अभावका विगम कहा, णिज्जरिज्ज पद में सब कर्म का विगम कहा इस लिये इन को विगत पक्ष में

निजरनको णि०निर्जरा॥८॥ए०येन ०नवपद किं०क्या ए०एक अर्थी णा०विविध उच्चारके णा०विविधव्यजनके उ०

णे ? ॥ हता गोयमा ! चलमाणे चलिए जाव णिज्जरिज्जमाणे णिज्जिण्णे ॥ ५ ॥ एएण भंते नवपदा किं एगट्ठा, णाणा घोसा, णाणा वंजणा उदाहु णाणट्ठा, णाणा घोसा,

७ जो शुभ ध्यानरूप अग्नि से कर्म रूप इन्धन जलानेलगा वह कर्म को जलावेगा ८ जिसके आयुष्य का पुद्गल क्षीण होनेलगा वह मरेगा ९ जिसने कर्म की निर्जरा करनी शरु की वह कर्म की निर्जरा करेगा इस रीति से इन नव कार्यों को प्रारंभ करते ही बनाहुवा कहना ॥ ५ ॥ पुन. गोतम स्वामी प्रश्न करते हैं कि अहो भगवन् ! इन नव पद का क्या एक अर्थ या एक प्रयोजन है ? या उदात्त, अनुदात्त व स्वरित घोषवाले हैं ? अनेक व्यंजनमय है ? अथवा विविध प्रकार के अर्थवाले, घोषवाले, या व्यंजनवाले हैं ÷ अहो गौतम ! १ चलमाणे चलिए २ उदीरिज्जमाणे उदीरिए, ३ वेइज्जमाणे वेइए ४ पहेज्जमाणे पहीण

÷ यहां चौभंगी जानना १ एक अर्थ एक व्यंजन जसे क्षीर क्षीर २ एक अर्थ अनेक व्यंजन यथा क्षीर पय ३ अनेक अर्थ एक व्यंजन अर्क गोमहिषी का क्षीर ४ अनेक अर्थ अनेक व्यंजन घट पटादि इस में दूसरा चौथा भांगा यहां ग्रहण किया है, अन्य दोनों भांगे असंभवित होनेसे नहीं ग्रहण किये हैं इस सूत्र में चलमाणादि चार पद आश्रित दूसरा भांगा जानना और छिज्जमाण वगैरह पांचपद आश्रित चौथा भांगा जानना

श्वासले ऊ० ऊंचाश्वासले णी० नीचाश्वासले ज० जैसे उ० ऊश्वासपद म ॥ ८ ॥ णे० नारकी भ० भग-
वन् आ० आहाराके अर्थी ज० जैसे प०पन्नवणा में प० प्रथम शतक में आ० आहार उद्देशे में त० तैसे भा०
कहना ठि० स्थिति उ० ऊश्वास आ० आहार कि० किसतरह आ० आहारले स० सर्वसे क० कितना भाग
स० सर्व की० किसप्रकार से मु० वारंवार प० परिणमें ॥ ९ ॥ णे० नारकी भ० भगवन् पु० पूर्व आ०

जहा उस्सासपदे ॥ ८ ॥ णेरइयाणं भंते आहारट्ठी, ? जहा पन्नवणाए पढमसए
आहारुद्देसए तहा भाणियव्वं ॥ गाथा ॥ ठिति उस्सासाहारे, किंवाहारेइ सव्वओवावि,
कइभाग सव्वाणिव कीसव भुज्जो परिणमति ॥ १ ॥ ९ ॥ णेरइयाणं भंते पुव्वा-

के जीव निरंतर समय मात्रका विरह रहित-श्वासोश्वास लेते हैं ऐसा कहा है वैसेही यहां जानना ॥ ८ ॥
अहो भगवन् नारकी आहार के अर्थी वांच्छक हैं ? इस का पन्नवणा सूत्र में प्रथम शतक के आहार उद्देशे
में जैसे कहा है वैसे कहना नारकी कैसे आहारलेवे ? आत्मा के सब प्रदेश से आहार लेवे नारकी कितना
आहार लेवे ? आहार निमित्त जितने पुद्गल ग्रहण किये होवे उस के असंख्यातवे भाग का आहार लेवे,
अनंत भाग में आस्वादे, अथवा आहार परिणम योग्य सब पुद्गल का आहार करे जिन पुद्गलों का
आहार किया है वे पुद्गलों किस प्रकार से वारंवार परिणमते हैं ? वे आहार के पुद्गलों इन्द्रियपने यावत्
दुःख पने परिणमते हैं वगैरह सब अधिकार विस्तार पूर्वक पन्नवणा सूत्र से जानना ॥ ९ ॥ अब नारकी

पक्खस्स छिज्जमाणे छिण्णे भिज्जमाणे भिण्णे, दज्झमाणे दड्ढे, मिज्जमाणे मए णिज्जरिज्ज-माणे णिज्जिण्णे, एएण पंचपदा णाणट्ठा, णाणाघोसा, णाणा वजणा, विगय पक्ख-स्स ॥ ६ ॥ णेरइयाणं भंते केवइयं कालं ठिइ पण्णत्ता ? गोयमा ! जहण्णेण दस वास सहस्साइं ठिइं पण्णत्ता, उक्कोसेण तेत्तीसं सागरोवमाइं ठिइं पण्णत्ता ॥ ७ ॥ णेरइयाणं भंते केवइय कालस्स आणमंतिवा पाणमंतिवा, ऊससंतिवा, णीससंतिवा ?

णा० विविधप्रकार के वि० विगतपक्ष के ॥ ६ ॥ णे० नारकी को भं० भगवन् के० कितने कालकी ठि० स्थिति प० प्ररूपी गो० गौतम ज० जघन्य द० दशवर्ष स० सहस्र उ० उत्कृष्ट ते० तेत्तीस सा० सागरोपम की ठि० स्थिति ॥ ७ ॥ णे० नारकी भं० भगवन् के० कितना का० काल में आ० थोडाश्वासले पा० बहुत

एक कहे हैं ये पांचों पद विगत पक्ष की अपेक्षा से विविध प्रकार के अर्थ, घोष, व व्यंजनवाले हैं ये पांचों पद विगत पक्ष वाचक हैं इसका अन्तिम नववा पदमें मोक्षकी कथा कही और वह मोक्ष जीवको होता है ॥६॥ नरकादिक चौवीस दंडक के जीव कहे जाते हैं उन में से प्रथम नरककी स्थितिका प्रश्न चलता है अहो भगवन् ! नरक के नेरइयों की कितने काल की स्थिति कही ? अहो गौतम ! नारकी की प्रथम नरक की अपेक्षासे जघन्य दश हजार वर्ष की और सातवी नरक की अपेक्षासे उत्कृष्ट तेत्तीस सागरोपम की कही ॥ ७ ॥ अहो भगवन् नारकी कितनेकाल तक श्वासोश्वास लेवे ? अहो गौतम जैसे श्वासोश्वासपद में नारकी

द्विसजोगी १५	त्रिसजोगी २०		चतु सजोगी १५	पंचसजोगी ६
१२	१२३	२५६	१२३४	१२३४५
१३	१२४	३४५	१२३५	१२३४६
१४	१२५	३४६	१२३६	१२३५६
१५	१२६	३५०	१२४५	१२४५६
१६	१३४	४५६	१२४६	१३४५६
२३	१३५		१२५६	२३४५६
२४	१३६		१३४५	
२५	१४५		१३४६	छसजोगी १
२६	१४६		१३५६	१२३४५६
३४	१५६		१४५६	एक संजोगी ६
३५	२३४		२३४५	
३६	२३५		२३४६	१ ४
४५	२३६		२३५६	२ ५
४६	२४५		२४५६	३ ६
५६	२४६		३४५६	

करो पो० पुद्गल प० परिणमें प० परिणमते हैं अनाहारी आ० आहार करेंने पो० पुद्गल णो० नहीं प० परिणमें प० परिणमेंगे अ० अनाहारीक अ० आहार नहीं करेंगे पा० पुद्गल णो० नहीं

परिणमतिय। अणाहारिया आहारिज्जस्समाणा पोग्गला णो परिणया परिणामिस्सति। अणाहारिया अणाहारिज्जस्स-माणा पोग्गला णो परिणया णो परिणामिस्सति ॥ १० ॥ णेरइयाण भंते पुव्वाहारिया पोग्गला निया ॥ पुच्छा ॥

अहो गौतम ! नारकी को पहिले ग्रहण किये हुवे पुद्गल परिणमें क्यों कि ग्रहण किये पीछे ही पुद्गल परिणमते हैं पूर्व कालमें ग्रहण किये वर्तमान में ग्रहण करते हैं वैसे पुद्गलों नारकी को परिणमें और परिणमते हैं अतीत काल में पुद्गल नहीं ग्रहण किये हैं और भविष्य में ग्रहण करेंगे वैसे पुद्गल नारकी को परिणमें नहीं हैं परंतु अनागत में ग्रहण किये अनंतर परिण मेंगे, अतीत काल में ग्रहण नहीं किये और भविष्यमेंभी ग्रहण नहीं करेंगे वैसे पुद्गल नारकी को परिणमें नहीं और परिणमेंगे

आहारकिये पो० पुद्गल प० परिणमें आ० आहारकिये आ० आहार करते पो० पुद्गल प०परिणमें अ-आ-रनहींकिये आ० आहार करेंगे पो०पुद्गल प०परिणमें अ०आहारनहींकिये अ० नहीं आहार करेंगे पो० पुद्गल प०परिणमें गा०गौतम! णे०नारकी पु०पूर्वेआहारनहीं किये पो०पुद्गल प०परिणमें आ० आहारकिये आ०आहा

हारिया पोग्गला परिणया आहारिया आहारिज्जमाणा पोग्गला परिणया अणाहारिया आहारिज्जस्समाणा पोग्गला परिणया अणाहारिया अणाहारिज्जस्समाणा पोग्गला परिणया? गोयमा णेरइयाण पुव्वाहारिया पोग्गला परिणया, आहारिया आहारिज्जमाणा पोग्गला परिणया

के आहाराधिकार से आहार विषयिक प्रश्न करते हैं अहो भगवन्! नारकी को पहिले शरीर साथ आहार किए हुए पुद्गल क्या परिणमे? पूर्वकाल में जिन पुद्गलों का आहार किया होवे अथवा वर्तमान में आहार करते हैं वे पुद्गलों नारकी को क्या परिणमें? पूर्वकाल में जिन पुद्गलों का आहार नहीं किया और भविष्य में आहार करेंगे वैसे पुद्गलों क्या नारकी को परिणमें? और पूर्वकाल में आहार के पुद्गलों संग्रहे नहीं और अनागत में भी संग्रह करेंगे नहीं वैसे पुद्गलों क्या नारकी को परिणमें? यहां चार प्रश्न कहे इस के ६३ भांगे होते हैं अतीत काल में आहारे, वर्तमान में आहारते हैं और अनागत में आहारेंगे, अतीत काल में आहारे नहीं, वर्तमान में नहीं आहारते हैं और भविष्य में आहारेंगे नहीं इस तरह छ पद के ६३ भांगे होते हैं अब भगवंत श्री महावीर स्वामी उत्तर देते हैं

अ० आश्री दु० दोप्रकार के पो० पुद्गल चि० चिने अ० सूक्ष्म बा० बादर ए० ऐसे उपाचिरा णे० नारकी क० कितने प्रकार के पो० पुद्गल उ० उदीरते हैं गो० गौतम क० कर्म द० द्रव्य व० वर्गणा अ० आश्री दु० दोप्रकारके पो० पुद्गल उ० उदीरते हैं उ० अपवर्तनकिये उ० अपवर्तते हैं उ० अपवर्तेंगे स० संक्रमें सं० संक्रमते हैं सं० संक्रमेंगे नि० निसरें नि० निसरते हैं नि० निसरेंगे नि० एकत्रित हुवे नि० एकत्रित होते हैं नि० एकत्रित

कतिविहा पोग्गला चिज्जति ? गोयमा ! आहारदव्व वग्गणमाहिकिच्च, दुविहा पोग्गला चिज्जति तजहा अणूचेव बायराचेव । एव उवचिज्जति ॥ णेरइयाण भंते कतिविहा पोग्गला उदीरति ? गोयमा ! कम्मदव्व वग्गणमाहिकिच्च दुविहा पोग्गला उदीरति, तजहा—अणूचेव बायराचेव । सेसावि एव चेव भाणियव्वा । वेदति । णिज्जरति । उयट्टिंसु । उयट्टति । उयट्टिस्सति ॥ सकामिंसु । सकामति । सकामिस्सति॥

सेही शरीर संबंधी चय उपचय पहिले कहा आहार में ही चय उपचय होता है परतु अन्य द्रव्य से नहीं होता है उस में सूक्ष्म सो केवलि गम्य और बादर सो चर्मचक्षु ग्राह्य है ऐसे ही उपचिन आश्रित कहना अहो भगवन् ! नारकी को कितने प्रकार के पुद्गल की उदीरना होवे ? अहो गौतम ! नारकी को कर्मद्रव्य वर्गणा आश्रित सूक्ष्म व बादर ऐसे दो प्रकार के पुद्गल की उदीरणा होवे क्यों की उदीरनादिक कर्म द्रव्य को होती है ऐसे ही ५ वेदे ६ निर्जरे ७ अपवर्तन हुवे, ८ अपवर्तन होता है, ९ अपवर्तन होवेंगे १०

---

१ अध्यवसाय से कर्म स्थिति का हीन करना यहां अपवर्तन में उपलक्षण से उद्वर्तन भी ग्रहण करना उद्वर्तन सो स्थिति आदि की वृद्धि करना

प०परिणमें णो०नहीं प०परिणमेंगे॥१०॥णे०नारकीने भ०भगवन् पु०पूर्वाहारी पो०पुद्गल चि०इकठेकिये ज० जैसे प० पारेणमें त० तैसे चि० इकठेकिये उ० उपचिने उ० उदीरे व० वेदे णि० निर्जरे ए० एकेक प० पद्में च०चार प्रकारके पो०पुद्गल हैं॥११॥णे०नारकी क०कितने प्रकारसे पो०पुद्गल भि०भेदाते हैं गो०गौतम क० कर्म द० द्रव्य व० वर्गणा अ० आश्री दु० दो प्रकार के पो० पुद्गल भि० भेदावे अ० सूक्ष्म बा० बादर णे० नारकी क० कितने प्रकार के पो० पुद्गल चि० चिणे गो० गौतम ! आ० आहार द० द्रव्य व० वर्गणा

परिणया तहा चिया।वि एवचिया उवचिया,उदीरिया,वेइया,णिज्जिणा॥गाथा॥परिणत चियाय उवचिया उदीरिया वेइयाय णिज्जिण्णा, एक्किक्कम्मि पदम्मि चउव्विहा पोग्गलाहोंति ॥ १ ॥ ११ ॥ णेरइयाण भते कतिविहा पोग्गला भिजाति ? गोयमा ! कम्मदव्व वग्गणमाहिगिच्च दुविहा पोग्गला भिज्जति तजहा अणूचेव बायराचेव णेरइयाण भते

नहीं ॥१०॥अहो भगवन् नारकीको पहिले आहारे हुवे पुद्गल एकत्रित किये? अहो गौतम इसका सब खुलाला जैसे परिणमें का कहा वैसे ही जानना और इसी तरह बहुत एकत्रित किये, उदीरे, वेदे और निर्जरे ऐसे एक २ पद में चार २ भेद जानना ॥ ११ ॥ अहो भगवन् नारकी को कितने पुद्गल अनुभाग भेद से भेदाते ? अथात तीव्रमंद, मध्यमंद से भेदपावे, उद्वर्तन करण से मन्दरस तीव्रहोवे तीव्ररस मंद होवे ? अहो गौतम कर्म द्रव्यवर्गणाके आश्रित दो प्रकारके पुद्गल भेदपावे सूक्ष्म व बादर उदारिकादि द्रव्यमें कर्म द्रव्यही सूक्ष्म है अहो भगवन् ! नारकी को कितने प्रकार के पुद्गल चिणे, एकत्रित हुवे ? अहो गौतम आहार द्रव्य वर्गणा के आश्रित सूक्ष्म व बादर ऐसे दो प्रकार के पुद्गल एकत्रित होवे हैं क्यों की आहार द्रव्य

अ० आश्री दु० दोप्रकार के पो० पुद्गल चि० चिने अ० सूक्ष्म बा० बादर ए० ऐसे उपाचिन णे० नारकी क० कितने प्रकार के पो० पुद्गल उ०उदीरते हैं गो० गौतम क० कर्म द० द्रव्य व० वर्गणा अ० आश्री दु० दोप्रकारके पो०पुद्गल उ०उदीरते हैं उ०अपवर्तनकिये उ०अपवर्तते हैं उ०अपवर्तेंगे स० सक्रमें स०सक्रमते हैं सं० सक्रमेंगे नि० विखरें नि० विखरते हैं नि० विखरेंगे नि० एकत्रित हुवे नि० एकत्रित होते हैं नि० एकत्रित

